मर्डर

जमीनी विवाद ने लिया खूनी संघर्ष का रूप, पत्नी गंभीर, आरोपी गिरफ्तार

# सगे भाई ने कुल्हाड़ी से की भाई की हत्या



**नवभारत, नैनपुर।** नैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देल्हा में जमीन विवाद ने खूनी रूप ले लिया। सगे भाई ने अपने ही भाई के घर में घुसकर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में भाई शिव दयाल जंघेला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बीच-बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी आशा बाई गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के समय घर में मौजूद मृतक का मासूम बेटा बाल-बाल बच गया।

जानकारी के अनुसार, दोनों भाइयों शिव दयाल एवम रामगुलाम जंघेला पिता गंगाराम जंघेला के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। सोमवार को विवाद इतना बढ़ गया कि सुबह आरोपी रामगुलाम जंघेला कुल्हाड़ी लेकर शिव दयाल जंघेला के घर पहुंचा और ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी आशा बाई गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही नैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को तत्काल नैनपुर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ कर रही है।

## वारदात से क्षेत्र में फैली सनसनी

दिनदहाड़े हुई इस वारदात से ग्राम देल्हा में सनसनी फैल गई। एक मामूली जमीन विवाद ने परिवार को ऐसी त्रासदी में बदल दिया, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई, एक महिला जिंदगी और मौत से जूझ रही है और एक मासूम बच्चे के सिर से पिता का साया उठ गया।

# टिकट चेकिंग से पश्चिम मध्य रेल ने कमाए 44.20 करोड़ रुपये

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के पहले तीन माह में टिकट जांच अभियानों के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट और अनबुक्ड लगेज के कुल 5.59 लाख मामले पकड़कर अतिरिक्त किराया एवं जुर्माने के रूप में 44 करोड़ 20 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया है। यह राशि पिछले वर्ष की समान अवधि में प्राप्त 40 करोड़ 71 लाख रुपये की तुलना में 8.57 प्रतिशत अधिक है। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर तीनों मंडलों एवं मुख्यालय स्तर पर समय-समय पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाए गए, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए। प्रदर्शन की बात करें तो जबलपुर मंडल ने 2.54 लाख मामलों से सर्वाधिक 21.78 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जबकि भोपाल मंडल ने 1.88 लाख मामलों से 13.75 करोड़ रुपये और कोटा मंडल ने 1.07 लाख मामलों से 8.04 करोड़ रुपये की वसूली की।

# शिक्षा के क्षेत्र में विकास की नई पहचान बनेगा ये विद्यालय

नव निर्मित शासकीय हाई स्कूल कोको का लोकार्पण



**नवभारत, भुआ बिछिया।** नव निर्मित शासकीय हाई स्कूल, कोको के नवीन भवन का लोकार्पण किया गया, कार्यक्रम में सर्व प्रथम कालश यात्रा निकाली गई साथ ही उद्घाटन कार्यक्रम पूजन अर्चन फिता काट कर मां सरस्वती की चल चित्र पर दीप जलाकर माल्यार्पण किया गया।

तत्पश्चात सभी जनप्रतिनिधि पदाधिकारीगण को पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। यह नया विद्यालय भवन शिक्षा के क्षेत्र में विकास की नई पहचान बनेगा और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखेगा। कार्य का संचालन अशोक वाजपेयी ने मंच संचालन एवं बी ई ओ आतम जीत सिंह आहूलुवालिया ने सभी सम्मानित अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार प्रदर्शन किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, बिछिया विधायक नारायण पट्टा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, जिला मंत्री शाशिकांत श्रीवास्तव भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ विजय आनंद मरावी, अजयपुरी गोस्वामी, सांसद प्रतिनिधि चंदू झारिया, महामंत्री नरेश सार्वे, उपाध्यक्ष राकेश यादव, उपाध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष दीपक कटारे, नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी ओबीसी जिला मंत्री योगेश यादव, नगर परिषद संसाद प्रतिनिधि अशोक नानकानी, मंडल मंत्री रूक्मणी कुडापे, पार्षद पूनम, लीलावती पाटिया, नैनवती कुडापे, श्रीराम यादव, राकेश बर्मन, कान्त राठौर, जगदम्बा साहू, दीपक पांडेय, सुमित रजक, प्रदीप राय, अतू यादव, एवं स्कूल शिक्षा विभाग के पदाधिकारी साथ ही स्कूल के समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही एवं विगत दिवस सेवानिवृत्त हुए शिक्षक, रामस्वरूप नामदेव, एवं तेज लाल राय को सांसद के द्वारा अंग वस्त्र श्रीफल भेंट कर सम्मान किया इस गरिमामय कार्यक्रम विद्यालय के साथ क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### जहर खाने से महिला की मौत

**जबलपुर ।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत कठौंदा निवासी एक महिला ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे इ लाज के लिए आनन-फानन में गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रविवार को गौरीशंकर कुशवाहा 32 वर्ष निवासी कठौंदा माढ़ोताल ने सूचना दी कि 17 जुलाई को उसकी पत्नी श्रीमति नीलू कुशवाहा ने सुबह लगभग 8 बजे जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था पत्नी को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल लेकर गये जहां से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज लेकर गये थे। 18 जुलाई को संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के रविवार सुबह लगभग 11-10 बजे पत्नी नीलू कुशवाहा 29 वर्ष की मौत हो गई।

### युवक ने की खुदकुशी

**जबलपुर।** मझगवां थाना अंतर्गत खागामऊ में रह ने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार को विशेष कुमार दाहिया 70 वर्ष निवासी खागामऊ ने सूचना दी कि पड़ोसी अशोक लोधी के पुत्र आकाश लोधी 19 वर्ष ने घर में दूसरी मंजिल में बने कमरे में कुंदे में लायलोन की रस्सी से फांसी लगा लिया।

### मछली मार्केट में चाकूबाजी, युवक घायल

**जबलपुर ।** मझोली थाना अंतर्गत मछली मार्केट में बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक प्रहलाद लुनिया 22 वर्ष निवासी लुहारी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि शाम 7-30 बजे मछली मार्केट में मछली खरीदने गया था जहां पहचान के रामदयाल नुनिया, शशि नुनिया, हरि, सुनील नुनिया मिले जो उसका रास्ता रोक लिये बोले 15 जुलाई को अमन चौहान के यहां काम किया था जिसके पैसे मुझे कम मिले है जिससे कहा कि मुझे नहीं पता इसी बात पर सभी विवाद करने लगे, रामदयाल, शशि एवं सुनील ने हाथ मुक्को से मारपीट की एवं हरि न चाकू से हमला कर हाथ में चोट पहुंचा दी।

### नाति ने नाना की जेब से पार कर दी नगदी

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत चंदवा में नाति ने नाना की जेब से नगदी पार कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अर्जुन सिंह लोधी 72 वर्ष निवासी चंदवा का शाम 4 बजे भैस लगा कर कमरे के पास बाल्टी लेकर जा रहा था तभी देखा कि नाति राजा कमरे में से बाहर निकल रहा था नातिन का मोबाईल लिये थे कुछ देर बाद एक लड़का मोटर सायकिल से आया उसी की मोटर सायकिल में पीछे बैठकर कही चला गया, अर्जुन ने कमरे में जाकर चैक किया तो उसके पैजामे के जेब में इलाज के लिये रखे 5200 रूपये उसके नाति राजा चोरी कर ले गया है।

# नगर में लगाए जा रहे फाइबर के स्पीड ब्रेकर


दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रशासन की कवायद



**नैनपुर।** नगर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। हाल ही में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर दिए गए आवेदनों का असर अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। एसडीएम नैनपुर आशुतोष महादेव ठाकुर ने इस गंभीर विषय को संज्ञान में लेते हुए नेशनल हाइवे विभाग जबलपुर के अधिकारियों से चर्चा की थी। इसी के तहत आज स्पीड ब्रेकर लगाने का कार्य प्रारंभकिया गया है। पहला ब्रेकर मुक्ति धाम के पास, दूसरा पुराने भारत ज्योति स्कूल के समीप टर्निंग क्षेत्र में तथा तीसरा ब्रेकर जनपद पंचायत से गैस एजेंसी तक के मार्ग पर लगाए जा रहे हैं। कई स्थानों पर ये ब्रेकर जर्जर हो चुके हैं तथा उनमें से कीलें बाहर निकल आई हैं जो स्वयं दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। ऐसे में इन पुराने ब्रेकरों का समयसमय पर रखरखाव एवं मरम्मत कराना भी अत्यंत आवश्यक है। नए ब्रेकरों के साथ-साथ पुराने ब्रेकरों का सुधार एवं अन्य प्रमुख मार्गों व चौराहों पर भी रफ्तार नियंत्रक लगाए जाते हैं तो नगर में यातायात व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित होगी और दुर्घटना नियंत्रित होंगी।

मानसून की बेरुखी : जुलाई का आधा महीना बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में संतोषजनक बारिश नहीं हुई

# आधी से कम हुई बारिश, खरीफ फसलों पर छाया संकट



फाइल फोटो

**नैनपुर।** इस वर्ष मानसून का मिजाज किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। जुलाई का आधा महीना बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में संतोषजनक बारिश नहीं हुई है, जिससे खरीफ फसलों पर सूखे का साया मंडराने लगा है। आलम यह है कि खेतों में धान की रोपाई और अन्य फसलों की ग्रोथ के लिए किसानों को अब भी विद्युत मोटर पंपों का सहारा लेना पड़ रहा है।

आंकड़ों पर गौर करें तो इस सीजन में अब तक मात्र बारिश की भारी कमी के कारण पूरे कृषि सीजन का गणित बिगड़ गया है। कृषि जानकारों का कहना है कि यदि जल्द ही बारिश नहीं हुई, तो आने वाले समय में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

बारिश की देरी और अनियमितता का सीधा असर फसलों पर दिख रहा है। उचित नमी न मिलने के कारण मक्का की फसल की ग्रोथ रुक गई है। वहीं, निंदा नाशक डालने के बावजूद खरपतवार की समस्या बढ़ रही है। पर्याप्त पानी न मिलने से धान की रोपाई का काम प्रभावित हो रहा है। मजबूरन किसान क्रांति धान और उड़द की ओर रुख कर रहे हैं, क्योंकि अन्य धान की प्रजातियों के लिए सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं हैं। इस वर्ष तुअर का रकबा तो बढ़ा है, लेकिन पौधों की पत्तियों में कीड़े लगने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

### जल संरक्षण की ओर बढ़ाना होगा कदम

विशेषज्ञों का मानना है कि केवल मानसून पर निर्भर रहने से काम नहीं चलेगा। पक्की सड़कों और नालियों के कारण बरसात का अधिकांश पानी बहकर निकल जाता है और जमीन में रिचार्ज नहीं हो पाता। स्थानीय किसानों और प्रबुद्ध जनों का कहना है कि अब समय आ गया है कि हर नागरिक जल संरक्षण के प्रति गंभीर हो।

# जिपं अध्यक्ष ने किया शुभारंभ, हरियाली के साथ नशा मुक्ति का भी दिया संदेश

लफरा में 15 दिवसीय पौधरोपण पखवाड़े का आगाज



**भुआबिछिया।** ग्राम लफरा स्थित पहाड़ी वाली खेरमाई माता मंदिर प्रांगण में जनकल्याण मंच के तत्वावधान में विशाल वृक्षारोपण पखवाड़ा महाअभियान की शुरुआत की गई है। इस 15 दिवसीय आयोजन का शुभारंभ शनिवार सुबह मंडला जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने मंदिर प्रांगण में पौधा लगाकर किया। अभियान के दूसरे दिन 19 जुलाई को क्षेत्रीय जनपद सदस्य पारुल प्रसून पांडे, जबलपुर मेडिकल कॉलेज के पूर्व ए.एस. डॉ. विजय आनंद मरावी और बम्हनी बंजर थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी ने मंदिर प्रांगण में हिस्सा लिया और छायादार एवं फल दार पौधे रोपे।

**पहाड़ी को हरा-भरा बनाने का संकल्प** - जनकल्याण मंच के राजेंद्र हरदहा ने बताया कि खैरमाई मंदिर प्रांगण में वृक्षों के अभाव के कारण छांव की कमी रहती है और पूरी पहाड़ी वीरान नजर आती है। इसे हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से ही मंच ने इस पखवाड़े का आयोजन किया है। 15 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति व्यापक जागरूकता आ सके।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज सुधार का भी संदेश दिया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बम्हनी बंजर थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी ने पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान नशे से दूरी है जरूरी के बारे में विस्तार से जानकारी दी और लोगों को नशामुक्त व स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए जागरूक किया।

नारायणगंज के ग्राम चिरी में प्रगति जनकल्याण समिति की पहल

# पर्यावरण संरक्षण पर हुआ मंथन, रोपे गए सागौन के पौधे



**नारायणगंज।** विकासखंड नारायणगंज के ग्राम चिरी में सोमवार को नवांकुर संस्था प्रगति जनकल्याण समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं नशा मुक्ति विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील बर्मन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण में पौधारोपण की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि अधिक से अधिक पौधे लगाने से जहां पर्यावरण संतुलित रहता है, वहीं सागौन जैसे उपयोगी वृक्ष भविष्य में ग्रामीणों की आय का भी महत्वपूर्ण स्रोत बन सकते हैं। ग्रामीणों को वृक्षारोपण को जनभागीदारी का अभियान बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान नशा मुक्ति अभियान के तहत भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में महिलाओं ने गांव में बढ़ते नशे से होने वाली सामाजिक एवं पारिवारिक समस्याओं को साझा किया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चिरी की सचिव सुषमा कुलस्ते, अध्यक्ष सुकराती बैरागी, समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुलिस की पांच घंटे कॉम्बिंग गश्त : 210 वारंटी पकड़ाए



**नवभारत, जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने पांच घंटे कॉम्बिंग गश्त की। इस दौरान कई वर्षों से फरार 114 गैर म्यादी वारिटयों एवं 64 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए 32 जमानती वारंट भी तामील किए गए है।

अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर 34 लीटर कच्ची, 32 पाव देशी, अंग्रेजी शराब जप्त की गयी है।

कॉम्बिंग गश्त पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा शहर में कानून व्यवस्था सुदृढ करने एवं अपराधों की रोकथाम के लिए रात्रि 9 बजे से रात्रि 2 बजे तक एएसपी शहर आयुष जाखड़, एएसपी ग्रामीण अनु बेनिवाल, एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी मुख्यालय सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात अखिलेश तिवारी के मार्ग निर्देशन में कराई गई।

# द्वारका प्रसाद यादव बने अध्यक्ष, सर्वसम्मति से चुने गए नए पदाधिकारी

नैनपुर तहसील में भारतीय किसान संघ की नई कार्यकारिणी का गठन




**नैनपुर।** नैनपुर तहसील के ग्राम डिठौरी में सोमवार को भारतीय किसान संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से नई तहसील कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया।

यह गठन संभागीय संगठन मंत्री पूरनलाल शर्मा और जिलाध्यक्ष श्रीराम सिंधिया की अनुशंसा तथा जिला उपाध्यक्ष भगवान दास कछवाहा व जिला सह मंत्री एसएल बरकड़े के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### इनको सौंपे गए दायित्व

आयोजित हुई किसान संघ की बैठक में नई कार्यकारिणी को जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यकारिणी में संरक्षक धन्नूलाल चक्रवर्ती, तहसील अध्यक्ष द्वारका प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष कोमल सिंह उईके, तहसील मंत्री ज्ञान चंद्र यादव, युवा वाहिनी प्रमुख सुमित झरिया को दायित्व सौंपे गए है।

इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में जानकी प्रसाद मसराम, देव सिंह उईके, अभिषेक भावरे, प्रहलाद उईके, बली चंद्र वट्टी, गौतम कुशराम, मोहनलाल साहू और प्रमोद आर्मो को शामिल किया गया है। इस दौरान बैठक में क्षेत्रीय किसानों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

अभियान

देवरी कला बबलिया में विधि चौपाल आयोजित, ग्रामीणों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

# नशे की लत पूरे परिवार के लिए है विनाशकारी : एसडीओपी वालरे




**नवभारत, नारायणगंज।** विकासखंड नारायणगंज की ग्राम पंचायत देवरी कला बबलिया में पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत विधि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निवास एसडीओपी पी.एस. वालरे एवं थाना प्रभारी धर्मेंद्र धुर्वे ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का आह्वान किया।

विधि चौपाल को संबोधित करते हुए एसडीओपी वालरे ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे परिवार का जीवन प्रभावित करता है। शराब, तंबाकू, गुड़ाखू, अफीम अथवा किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ का सेवन स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और सामाजिक जीवन पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि नशे की लत से परिवारों में तनाव, आर्थिक संकट और सामाजिक विघटन जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। थाना प्रभारी धर्मेंद्र धुर्वे ने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी ग्रामीणों को जीवनभर नशा न करने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष आसाराम भारतीया, सरपंच देव चरण पंद्राम, उपसरपंच संजय सोनी, जनपद सदस्य गुलाब सिंह परस्ते, घनश्याम सेन, मनीष नामदेव सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की आमने-सामने से टक्कर, 5 घायल, 2 महिला गंभीर



**नारायणगंज/बीजाडांडी।** बीजाडांडी थाना क्षेत्र के ग्राम बीजाडांडी में राधा-कृष्ण मंदिर के समीप दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई जोरदार टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। हादसे में दो महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उच्च स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया है। वहीं तीन अन्य घायलों को मामूली चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार, एक मोटरसाइकिल बीजाडांडी से उदयपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान राधा-कृष्ण मंदिर के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक ने लापरवाहीपूर्वक आगे चल रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों पर सवार सभी पांच लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

### सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं थाना प्रभारी

दुर्घटना की सूचना मिलते ही बीजाडांडी थाना प्रभारी अनीता कुडापे पुलिस टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने घायल लोगों को सड़क से सुरक्षित निकालकर तत्काल एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। उनकी त्वरित कार्रवाई से घायलों को समय पर उपचार मिल सका।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

गंभीर रूप से घायल दोनों महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया है। समाचार लिखे जाने तक घायलों के नाम एवं पते की विस्तृत जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी थी। बीजाडांडी पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।